#Campus Event

आईआईएम में कल्चर एक्सचेंज प्रोग्राम का समापन

'कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर काम करें युवा'

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

रायपुर. आईआईएम में एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम फेज 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का पांच दिनी आयोजन का समापन हो गया। इस कार्यक्रम में असम के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और धरोहर से जुड़ने और सीखने का अनुभव प्राप्त किया। मड़ई ऑडिटोरियम में आयोजित समापन सत्र में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्रों को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब भी जीवन आपको अपनी सीमाओं से परे जाने का अवसर दे, बौद्धिक रूप से या शारीरिक रूप से इसे स्वीकार करें। ऐसे अनुभव आपके व्यक्तित्व में अद्भुत आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं और वह परिवर्तन अनमोल होता है।

चिंतन करें, सीखने मिलेगा

उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु और खुले विचारों वाला बने रहने की सलाह दी। आगे कहा कि हमेशा अपने अनुभवों पर चिंतन करने का समय निकालें, क्योंकि ये चिंतन आपको अपने बारे में कुछ नया सिखाएंगे और आपको विकसित होने में मदद करेंगे। समापन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान करने के साथ हुआ, जिसे डायरेक्टर आरके काकानी ने वितरित किया।

Patrika (zoom), 03 Jan, 2025, P. 01